YOUR PARTNER FOR PROSPERITY
Sanlam

APRIL

13 Monday
104-262 Week-16

→ धर्म सुधार आंदोलन

bY

Dr. Komal
Guest Professor
SNSRKS College
SAHARSA
History

14 Tuesday
105-261 Week-16

Scanned with CamScanner

SHRIRAM Life Insurance

4.

APRIL

Wednesday 15

Q:- इंग्लैंड के इतिहास में धर्म सुधार आंदोलन के कारणों को संक्षेप में बताये।

Ans- इंग्लैंड के इतिहास में धर्म सुधार आंदोलन वैचारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड की निरंकुश राजशाही व्यवस्था के कारण वहाँ की संपूर्ण सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी एवं वहाँ की जनता में राजशाही व्यवस्था के विरुद्ध गहरी असंतोष उत्पन्न होने लगा जिसके फलस्वरूप वहाँ की धार्मिक व्यवस्था में भी सुधार करने की जरूरत महसूस की जाने लगी थी।

Thursday 16

इसी के फलस्वरूप सन् 1529 ई० में वहाँ धर्म सुधार पार्लियामेंट का कार्य आरंभ हुआ। इस संसद ने 1536 ई० तक अपना कार्य किया और इंग्लैंड का पोप से संबंध विच्छेद कर दिया। इंग्लैंड में हुए धर्म-सुधार के निम्नलिखित कारण थे :-

(i) चर्च का दोष :- चर्च के अधिकारी एवं स्वयं पोप भी विलासिता में डूब गए थे। इंग्लैंड और संपूर्ण यूरोप में कैथोलिक चर्च के प्रति असंतोष बढ़ गया था। इनके द्वारा राज्य के अनेक करों को भुगतान नहीं किया

MAY 2020

Scanned with CamScanner

17 Friday 108-258 Week 16

जा रहा था बल्कि जनता से भी विभिन्न तरीकों से धन लुटा जा रहा था। वहाँ का पोप खुद एक राजा की भाँति विलासिता का जीवन व्यतीत कर रहा था। चर्च के पोप एवं अधिकारियों के नैतिक चरित्र का पतन हो गया था जिसके कारण चर्च जनता का विश्वास एवं सम्मान पाने की स्थिती में नहीं रहा था।

(ii) बौद्धिक क्रांति का प्रभाव :-

बौद्धिक क्रांति ने धर्म को प्रभावित किया। तर्क तथा उचित एवं अनुचित के आधार पर चर्च और पोप के कार्यों एवं आदेशों को देखा जाने लगा। विश्वास के स्थान पर संदेह की

18 Saturday 109-257 Week 16

भावना का जन्म हुआ जिसके फलस्वरूप धर्मसुधार की आवश्यकता महसूस की गई। व्यक्तियों ने पादरियों एवं चर्च के विलासी जीवन तथा विशेष अधिकारों के विरुद्ध आवाज उठायी।

(iii) लूथर का विरोध :-

कैथोलिक धर्म और चर्च के विरुद्ध यूरोप और इंग्लैंड में तीव्र असंतोष उत्पन्न हो गया था। मार्टिन लूथर ने इस असंतोष को धर्म के विरुद्ध ~~विरोध~~ विद्रोह का स्वरूप प्रदान कर दिया। तत्कालीन पोप के द्वारा एक महल

Scanned with CamScanner

Sunday 19

के निर्माण करवाने हेतु जनता से विभिन्न गलत युक्तियों को अपना कर धन इकट्ठा किया जाने लगा जिसका लूथर जो कि एक पादरी था ने विरोध किया तो उसे पोप द्वारा पदच्युत कर दिया गया अतः उसे जान बचाने हेतु भाग कर कुछ जर्मन शासकों के संरक्षण में चला गया और यूरोप में प्रोटेस्टेंट धर्म का उदय हुआ। इंग्लैंड की जनता पर लूथर के विचारधारा का प्रभाव पड़ने लगा फलस्वरूप जनता भी पोप के विरुद्ध हो गई और धार्मिक सुधार आन्दोलन को बल मिला।

(iv) तलाक का प्रश्न :-

Monday 20

हेनरी और कैथरीन का वैवाहिक जीवन संतुलित नहीं था क्योंकि हेनरी को कैथरीन से कोई संतान नहीं था अतः उसे अपने राज्य की उत्तराधिकारी की चिंता सताने लगी थी। दोनों के सम्बन्ध लगातार बिगड़ बिगड़ते जा रहे थे फलस्वरूप हेनरी ने कैथरीन से तलाक लेने हेतु वुल्जे से मदद माँगी। इस प्रश्न पर पोप निर्णय को टालता रहा परंतु इसमें लगातार देर होता रहा जिससे पोप ने वुल्जे को पदच्युत कर दिया और टामस मूर को चाँसलर नियुक्त कर दिया और संसद को आमंत्रित कर बैठे। अतः हेनरी के तलाक को स्वीकार किया। अतः हेनरी और कैथरीन को तलाक भी धर्म सुधार का

SHRIRAM Life Insurance
YOUR PARTNER FOR PROSPERITY

5.

APRIL

21 Tuesday 112-254 Week-17

कारण बना।

(v) आर्थिक और राजनीतिक कारण :-

कुछ इतिहासकारों के अनुसार इंग्लैंड में धर्मसुधार के कारण आर्थिक और राजनैतिक भी थे। चर्च के पास काफी संपत्ति एवं भूमि था जब कि हेनरी ने अपने विदेशी युद्धों के कारण काफी धन लगा किया था जिसके कारण उसके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था। हेनरी धर्म सुधार करके ही चर्च एवं धार्मिक स्थलों की अकूत संपत्ति प्राप्त कर सकता था। अतः यह भी धार्मिक सुधार का कारण बना।

22 Wednesday 113-253 Week-17

निष्कर्ष :- उपर्युक्त विभिन्न कारणों ने इंग्लैंड में धार्मिक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया और इंग्लैंड को वहाँ की निरंकुश राजशाही व्यवस्था से मुक्त होने का अवसर प्रदान किया।

SHOT ON REDMI
AI DUAL CAMERA
Scanned with CamScanner